भाजपा परिवर्तन यात्रा का जगह-जगह फूल बरसाकर व आतिशबाजी कर अभिनंदन

राजस्थान में जनता ने सरकार बदलने बना लिया है मानसः राठौड़

सादुलपुर, (निसं)। भाजपा के प्रदेश नेतृत्व की ओर से निकल जा रही परिवर्तन संकल्प यात्रा गुरुवार को सादुलपुर पुहंची। तथा भाजपा जिंदाबाद तारों के साथ कार्यकर्ताओं ने यात्रा की अगवानी की। भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय भाजपा नेताओं, दावेदारों की ओर से यात्रा का शानदार स्वागत कर शक्ति प्रदर्शन किया गया।

तारानगर पुलिया के पास भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एडवोकेट ओमप्रकाश खीचड के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जैसे ही यात्रा पहुंची तो जे.सी.बी. मशीन से फूल बरसा कर अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व सादुलपुर सीमा में प्रवेश करने पर 51 ट्रैक्टरों की रैली के साथ यात्रा की अगवानी की गई। अंबेडकर सर्किल पर डॉ कौशल पूनिया के नेतृत्व में तथा चूरू सडक पर श्याम सुंदर सुदेश स्वामी गगगडवास के कार्यकर्ताओं की ओर से यात्रा की

सादुलपुर पहुंची भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा की कार्यकताओं ने अगवानी की।

अगवानी कर अभिनंदन किया गया। कृषि उपज मंडी में जैसे ही यात्रा पहुंची तो यात्रा का स्वागत आतिशबाजी कर ओर फूल बरसाकर किया गया। इस अवसर पर प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड ने कहा कि राजस्थान में जनता ने सरकार परिवर्तन करने का मानस बना लिया है तथा प्रदेश की जनता वोट की चोट से कांग्रेस को सबक सिखाने का काम करेगी।

कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वर्तमान समय में पंगु बने बैठे हैं, सरकार में शामिल मंत्री और विधायक लूट करने में लगे हुए हैं। लेकिन मुख्यमंत्री बोल नहीं पा रहे हैं। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में चल रही भ्रष्टाचार की आंधी को रोकने के साथ-साथ देश को विश्व शक्ति बनाने का काम किया है। चौधरी ने कहा कि राजस्थान में परिवर्तन यात्रा को अपार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों और उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला। भाजपा प्रदेश महामंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष हरलाल सारण, रतनगढ के विधायक अभिनेष महर्षि, जिला प्रमुख वंदना आर्य आर्य ने भी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार को उखाड फेंकने पर बल दिया।

युवक से मारपीट का आरोप

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ थाना पुलिस ने शादी की पार्टी में शामिल होने आए एक व्यक्ति के साथ लाठियों व सरियो से मारपीट करने के आरोप का मामला दर्ज किया है। राजगढ थाने में आजम खान खींची निवासी वार्ड नंबर 25 पुलिस थाना राजगढ जिला चूरु ने हाजिर थाना होकर इस आरोप का मामला दर्ज करवाया है कि 13 सितंबर को रात्रि को वह नरडियाँन सामुदायिक भवन में जीवन खा के यहां शादी की पार्टी में गया हुआ था। पार्टी में शामिल होने के बाद जैसे ही उसने बाहर निकलकर अपनी मोटरसाइकिल को स्टार्ट किया तो आरोपी अरबाज तंवर व शाहरुख तंवर ने आकर जबरदस्ती से उसकी मोटरसाइकिल की चाबी छीन ली तथा थप्पड मुक्कों से मारपीट करने लगे, तभी पीछे से उन्ही का भाई सहबाज तवंर पुत्र असगर तवंर, फरदीन गहलोत, समीर पठान, नौशाद गहलोत आदि हाथों में लाठियां व सरिये लेकर आये व एकराय होकर उसके साथ मारपीट की, जिससे उसका सीर फुट गया, कमर में चोट लगी, हाथ व दोनों पैरों पर सरियों से चोटे मारी, जिससे उसके पैर की पिंडली फट गई। तभी शादी में शामील होने आये इरफान पुत्र हनीफ चौहान, निसार उर्फ कालू ने आकर उसे छुडवाया।

450 माइक्रो ऑब्जर्वर्स नियुक्त किये

सीकर, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ स्वामी ने आदेश जारी कर विधानसभा आम चुनाव 2023 स्वच्छ, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष संपादन के लिए भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सीकर जिले में अवस्थित आठों विधानसभा क्षेत्रों के लिए चिन्हित भयग्रस्त क्षेत्रोंए संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर सामान्य पर्यवेक्षक के पर्यवेक्षण में कार्य सम्पादन के लिए 450 माईक्रो ऑबजर्वर्स नियुक्त किये हैं।

नियुक्त माईक्रो ऑबजर्वर्स का विधानसभा चुनाव के अन्तर्गत विधिवत कार्य सम्पादन पर्यवेक्षण के लिए प्रशिक्षण जिला परिषद सभागार सीकर में 17 सितम्बर 2023 को क्रमसंख्या एक से लेकर 150 तक का दोपहर 2 बजे एवं 18 सितम्बर को प्रातः 10 बजे क्रम संख्या 151 से लेकर 300 तक तथा दोपहर 2 बजे क्रम संख्या 301 से लेकर 450 तक का प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने नियुक्त माइक्रों ऑबजर्वर्स को निर्देशित किया है कि आप प्रशिक्षण में आवश्यक रूप से उपस्थित रहे एवं प्रशिक्षण में उपस्थिति के दौरान अपनी पासपोर्ट साईज की एक रंगीन फोटो साथ लेकर आवें ताकि पहचान पत्र बनवाया जा सके तथा अपना मतदाता पहचान पत्र या इसकी प्रति भी साथ लाना सुनिश्चित करें।

आरोपी को भेजा जेल

बीदासर, (निसं)। बीदासर न्यायिक मजिस्ट्रेट मनमोहन चंदेल ने चैक अनादरण के वर्ष 2020 के एक प्रकरण में अभियुक्त को एक वर्ष कारावास एवं दो लाख बीस हजार की प्रतिकर राशि से दण्डित फरमाया है। परिवादी के अधिवक्ता अरविन्द चौधरी ने बताया कि अभियुक्त राकेश ने परिवादी विकास से एक लाख पचास हजार रुपये उधार ले रखे थे जिसके एवज में आरोपी ने परिवादी को एक चेक सौंपा। लेकिन आरोपी के खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने के कारण चेक अनादरित हो गया और आरोपी ने परिवादी को रुपये नहीं लौटाए।

खोया-पाया

मेरी खरीदशुदा भूमि जरिये इकरारनामा दिनांक 03.01.1992 खरीद के बाद तीजा बेवाह तोलाराम निवासी राजगढ़ से सुखदेवा राम पुत्र अमरू जाति मेघवाल निवासी राजगढ़ तक के चैन दस्तावेज जिसका खसरा नं. 444/81 में से तादादी 1000 दरगज है, जो वार्ड नं. 27, सुडा मार्केट, गुलपुरा मोड़ कस्बा राजगढ़ (चूरू) में स्थित है, के दस्तावेज कहीं गुम हो गये हैं। मिलने पर नगरपालिका कार्यालय राजगढ़ (चूरू) में जमा करवा दूंगा।

प्रार्थी/सूचनाकर्ता
तुलसी राम पुत्र श्री मोहन लाल जाति मेघवाल निवासी वार्ड नं. 27, सुडा मार्केट गुलपुरा मोड़, कस्बा राजगढ तह. राजगढ जिला चूरू (राज.)

खोया-पाया

मेरे पिताजी जले सिंह पुत्र दीपचंद जाति जांगिड़ द्वारा जरिये इकरारनामा दिनांक 30.07.2012 को एक भूखंड खसरा नंबर 923 में जिसकी तादादी 600 दर गज है, इंदर सिंह पुत्र भानीराम के वारिसान से खरीद किया हुआ है। जिसकी खातेदार सज्जन कुमार मोहनलाल हिम्मतराम पुत्र गजानंद जाति नाई निवासी राजगढ़ से इंदर सिंह पुत्र भानीराम निवासी राजगढ़ की खरीद का इकरारनामा कहीं गुम हो गया हैं। मिलने पर नगरपालिका कार्यालय राजगढ़ (चूरू) में जमा करवा दूंगा।

प्रार्थी/सूचनाकर्ता
जितेंद्र पुत्र श्री जले सिंह जांगिड़ निवासी कान्धरान तहसील राजगढ़ जिला चूरू (राज.)

खोया-पाया

मेरे द्वारा जरिये इकरारनामा दिनांक 31.12.1993 को एक भूखंड खसरा नंबर 924 में जिसकी तादादी 800 दर गज है, गुगन राम कोठारी पुत्र श्री लाल कोठारी से खरीद किया हुआ है। जिसकी खातेदार अणची पत्नी कानाराम जाति ब्राह्मण निवासी राजगढ़ से गुगनराम कोठारी पुत्र श्री लाल कोठारी जाति जाट निवासी राजगढ़ की खरीद का इकरारनामा कहीं गुम हो गये हैं। मिलने पर नगरपालिका कार्यालय राजगढ (चूरू) में जमा करवा दूंगी।

प्रार्थी/सूचनाकर्ता
श्रीमती राधा देवी पत्नी रमाकांत शर्मा वार्ड नंबर 16 सुभाष नगर कस्बा राजगढ़ जिला चूरू (राज.)

बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ओ.पी.जे.एस. यूनिवर्सिटी ने जीता गोल्ड मेडल

सादुलपुर, (निसं)। ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के शानदार सफर के चलते यूनिवर्सिटी के बीए के छात्र मयूर ने खेलो इंडिया नॉर्थ ओपन टैलेंट हंट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। मयूर ने 86 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है।

खेलो इंडिया नॉर्थ ओपन टैलेंट हंट बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन हरियाणा के रोहतक के राजीव गाँधी खेल परिसर के साई बॉक्सिंग सेंटर में 4 सितंबर से 13 सितंबर तक हुआ। वहीं मयूर की इस कामयाबी पर ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के फाउंडर डॉ. जोगेंद्र सिंह, चेयरमैन डॉ. राकेश सेहरावत, वाइस चांसलर डॉ. चंद्रमोहन राजोरिया और रजिस्ट्रार डॉ. रुपेंद्र सिंह उदावत ने शुभकामनाएं दी। फाउंडर डॉ जोगेंद्र सिंह ने कहा कि ओपीजेएस यूनिवर्सिटी के खिलाडियों का खेलों में लगातार अच्छा प्रदर्शन रहा है। ओपीजेएस यूनिवर्सिटी ने पिछले साल खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंक

बीए के छात्र मयूर का हरियाणा में आयोजित खेलो इंडिया नॉर्थ ओपन टैलेंट हंट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मान किया।

तालिका में 17 वां स्थान हासिल किया था। इंडिया में टॉप-20 में जगह बनाने वाली ओपीजेएस यूनिवर्सिटी राजस्थान की पहली यूनिवर्सिटी थी।

वहीं राजस्थान में ओपीजेएस यूनिवर्सिटी पहले स्थान पर रही थी। ज्ञातव्य है कि खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में ओपीजेएस यूनिवर्सिटी ने महिला कुश्ती में पहला स्थान हासिल किया था। इसके अलावा ओपीजेएस यूनिवर्सिटी ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई पदक जीते है। साथ ही उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी में खेलों के लिए हर आधुनिक तकनीक को आजमाया जा रहा है, इसलिए खेलों में लगातार अच्छा प्रदर्शन खिलाडी कर रहे हैं। मयूर ने अपनी इस कामयाबी के लिए ओपीजेएस यूनिवर्सिटी में खेलों के लिए अच्छी सुविधा और कोच विकास मलिक को श्रेय दिया।

200 राजस्व गांवों को बाल विवाह मुक्त करवाएंगे

चूरू, (कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल चूरू में कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के सहयोग से संचालित एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन फेस टू परियोजना के तहत कम्युनिटी सोशल वर्कर के साथ बैठक आयोजित की गई, जिसमें परियोजना की जिला समन्वयक रुकैया पठान के द्वारा इस माह में किए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट ली गई। साथ ही चूरू के 200 राजस्व गांवों को बाल विवाह मुक्त करवाने का संकल्प लेकर चलाएं जा रहे बाल विवाह रोकथाम जन जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की। बैठक में रेड एंड रेस्क्यू कोऑर्डिनेटर कपिल भाटी ने इस माह के कार्य की कार्य प्रणाली बताई। साथ ही ग्रामीण समुदाय में जाकर अधिक से अधिक बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम करने हेतु प्रेरित किया। बैठक में परियोजना की काउंसलर पूनम सिसोदिया, सपोर्ट पर्सन रिजवान खान, कम्युनिटी सोशल वर्कर हनुमान, राकेश कला आदि उपस्थित रहे।

अपहृत किशोरी को पुलिस ने दस्तयाब किया

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ थाना क्षेत्र के एक गांव से 27 फरवरी 2023 एक किशोरी को दुध लाते समय जबरन उठाकर ले जाने के आरोप के दर्ज मामले में राजगढ थाना पुलिस ने किशोरी को दस्तयाब करने में बडी सफलता हासिल की है। तत्पश्चात बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश कर काउंसलिंग करवाने के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिया है।

वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अपहरत किशोरी को राजगढ थाने के एएसआई रामनिवास राव ने मय पुलिस टीम के लीलाराम कास्टेबल व सुनिता कास्टेबल के सहयोग से साढे छः माह के अन्तराल के बाद कडी मसकत के चलते हजारी बाग झारखण्ड से दस्तयाब किया गया है तथा राजगढ थाना पुलिस ने किशोरी को दस्तयाब करने के बाद स्वास्थ्य परिक्षण करवाया। तथा किशोरी का स्वास्थ्य परिक्षण करवाने के बाद राजगढ थाना पुलिस ने उसे बाल कल्याण समिति चूरू के समक्ष पेश किया, जहाँ से समिति की शर्मिला पूनियां के समक्ष किशोरी की काउंसलिंग करवाई गई तथा काउंसलिंग के दौरान किशोरी द्वारा अपने परिजनों के साथ जाने की इच्छा जाहिर करने पर बाल कल्याण समिति ने दस्तयाब की गई किशोरी को उनके परिजनों को सुपूर्द कर दिया है तथा अब किशोरी का मेडिकल करवाया जायेगा तथा न्यायालय में 164 में बयान दर्ज करवाये जायेंगे। प्रकरण का अनुसंधान राजगढ थानाधिकारी सुभाष चन्द्र ढील पुलिस निरीक्षक द्वारा किया जा रहा है।

गौरतलब है कि 28 फरवरी 2023 को किशोरी के पिता ने राजगढ थाने में इस आरोप का मामला दर्ज करवाया था कि उसकी पुत्री की उम्र 17 वर्ष है, जो कि कक्षा 12वीं में अध्ययनरत है। जो 27 फरवरी 2०23 को समय सांय 8 बजे दुध लाने के लिए बाहर गई थी तभी उसकी पुत्री को आरोपी रोहताश पुत्र हरिसिंह पूनियां जाट निवासी झाडसर छोटा व उसके साथ रमेश उर्फ धोलिया निवासी भामासी जबरन उठाकर ले गये।

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 24/2023
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री राजीव के. पोदार पुत्र श्री कांतिकुमार आर.पोदार निवासी 10, पोदार हाऊस मरीन ड्राईव, मुम्बई-400020 द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास दी आनन्दीलाल पोदार ट्रस्ट, नवलगढ जिला झुंझुनू में श्री कांति कुमार आर पोदार के स्वर्गवास के कारण उनके स्थान पर श्री सुधांशु कासलीवाल को ट्रस्टी रूप में दर्ज अभिलेख करने तथा श्रीमती स्नेहलता के पोदार के स्वर्गवास होने के कारण उनका नाम दर्ज अभिलेख से हटाने के संबंध में न्यासियों में हुये उक्त परिवर्तन को दर्ज अभिलेख कराने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 में आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन / संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले मे निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइन्दा तारीख पेशी 17.10.2023

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 27/2023
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि प्रार्थी श्री महेन्द्र कुमार पारासर, श्री जीणमाता मंदिर ट्रस्ट ग्राम जीण तहसील दांतारामगढ जिला सीकर द्वारा राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अन्तर्गत प्रन्यास श्री जीणमाता मंदिर ट्रस्ट ग्राम जीण तहसील दांतारामगढ जिला सीकर में औसरा परिवर्तन उपरान्त नवीन न्यासियों के नाम दर्ज अभिलेख कराने हेतु जांच किये जाने के लिए प्रपत्र-8 मे आवेदन-पत्र दिया है।

अतएवं धारा 23 मे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुवे परिवर्तन / संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, मे हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध मे आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले मे निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 12.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।

आइन्दा तारीख पेशी 17.10.2023

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय)
देवस्थान विभाग, जयपुर

हिंदी साहित्य की चार विभूतियां सम्मानित

- **हिंदी साहित्य संसद की ओर लोक संस्कृति शोध संस्थान नगरश्री चूरू के सभागार में भव्य समारोह आयोजित**

चूरू, (कासं)। हिंदी साहित्य संसद की ओर से गुरुवार को लोक संस्कृति शोध संस्थान नगरश्री चूरू के सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदेश के चार ख्यातनाम पत्रकार, साहित्यकार और समाजसेवियों को साहित्य साधना के लिए सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार और लेखक बाल मुकुंद ओझा चूरू को जन कवि प्रदीप शर्मा समृति साहित्य सम्मान से, डॉ गोपाल गर्ग अजमेर को रामा देवी भगीरथ प्रसाद साहित्य सम्मान से, हनुमान कोठारी चूरू और राजेंद्र शर्मा अलवर को अमृत उत्सव विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मानित साहित्यकारों को अतिथियों ने शाल ओढ़ाकर, सम्मान पत्र, नकद राशि, श्री फल, पदक आदि प्रदान कर अलंकृत किया। समारोह में वरिष्ठ पत्रकार बाल मुकुंद ओझा ने कहा कि जन कवि प्रदीप शर्मा कवि, लेखक, पत्रकार के साथ जनता के नुमाईंदे भी थे। प्रदीप शर्मा के साथ अपने संस्मरणों को सुनाते हुए ओझा ने कहा कि उन्होंने पत्रकारिता और लेखन के जरिये उनमें छिपी प्रतिभा को तराशकर न केवल उकेरा अपितु इस पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। ओझा ने बताया कि प्रदीप शर्मा द्वारा 75 वर्ष पूर्व स्थापित हिंदी साहित्य संसद ने विभिन्न पुरस्कारों के जरिये देश और प्रदेश के साहित्यकारों को प्रोत्साहित-सम्मानित कर उनका मान सम्मान बढ़ाया है जो आज के समय में एक दुर्लभतम उदहारण है। यह कार्य हिंदी साहित्य में मील का पत्थर है।

समारोह में हिंदी साहित्य संसद के अध्यक्ष बनवारी खामोश, सचिव विजय कांत शर्मा, वरिष्ठ समीक्षक चंद्र प्रकाश ढंढ, समाज सेवी गोपीराम हारित, राजू सिंघी आदि ने अतिथियों का स्वागत किया। समारोह के संयोजक प्रो कमल कोठरी ने सम्मानित विद्वत जनों का परिचय दिया।

परामर्श शिविर आयोजित

चूरू, (कासं)। जिला परिवहन कार्यालय में राजस्थान मिशन-2030 को लेकर परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिला परिवहन अधिकारी ओमसिंह शेखावत ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के निर्देशानुसार राजस्थान को वर्ष 2030 तक देश का अग्रणी राज्य बनाने के उद्देश्य से विकसित राजस्थान हेतु विजन राजस्थान 2030 तैयार किया जा रहा है। इस अवसर पर बस ऑपरेटर एसोसिएशन, ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, मोटर ड्राईविंग स्कूल एसोसिएशन, प्रदुषण नियंत्रण केन्द्र संचालक, टैक्सी ऑटो ऑपरेटर एसोसिएशन व अन्य हितधारकों ने भाग लिया। हितधारकों द्वारा परिवहन एवं सडक सुरक्षा से संबंधित अनेक प्रकार के सुझाव जैसे लोक परिवहन बसों, ग्रामीण रूट की बसों में टैक्स की छूट, फिटनेस और रिनेवल पेनल्टी में छूट, इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना, सड़क सुरक्षा हेतु सामुदायिक पहल को अपनाना आदि सुझाव दिये। इस अवसर पर परिवहन निरीक्षक कैलाश स्वामी, चन्द्रशेखर शर्मा, लेखाधिकारी सत्यपाल सिंह, अति प्रशासनिक अधिकारी भंवरलाल, विजय सैनी सहित स्टॉफ सदस्य उपस्थित थे।

चिकित्सक के साथ दुर्व्यवहार मामले में जांच कमेटी गठित

- **डॉ. डूडी ने नशे की हालात में अन्य चिकित्सक से की थी मारपीट**
- **सीएचसी प्रभारी डॉ.मनीराम डूडी को ए.पी.ओ. किया**

बीदासर, (निसं)। राजकीय गोवर्धन प्रसाद टांटिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ. मनीराम डुडी द्वारा बुधवार को एक अन्य चिकित्सक के साथ मारपीट व नशे में अभद्र व्यवहार करने के मामले को लेकर बुधवार को सीएचसी के कार्मिको द्वारा किये गये विरोध-प्रदर्शन के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए सीएमएचओ मनोज शर्मा ने जांच कमेटी गठित कर जांच पूर्ण होने तक डॉ. मनीराम डुडी को सीएचसी प्रभारी पद से हटाकर मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय रतनगढ में उपस्थिति देने के निर्देश दिये है।

वही घटना के विरोध में सीएचसी स्टॉफ द्वारा कार्य बहिष्कार करने व धरना प्रदर्शन करने चलते रोगियों को हो रही परैशानी के बाद स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारी हरकत में आये। तथा अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी देवकरण गुरावा व सुजानगढ के बीसीएमएचओ राजेश वर्मा ने बुधवार देर शाम पहुंचकर पीडित चिकित्सक व अन्य स्वास्थ्य कार्मिकों से लगभग एक घण्टे तक वार्ता की। सौहार्दपूर्ण हुई वार्ता में एसीएमएचओ गुरावा द्वारा प्रभारी चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन देने पर कार्मिको ने धरना प्रदर्शन हटाकर स्वास्थ्य सेवा में जुट गये। वही रतनगढ़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने देर रात्रि को आदेश जारी कर सीएचसी प्रभारी चिकित्सक के खिलाफ जाँच कमेटी गठित कर पॉच दिवस में पुरे प्रकरण की संयुक्त रूप से जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है।

जाँच कमेटी में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवकरण गुरावा व सुजानगढ़ के खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार वर्मा को प्रकरण की जांच हेतु लगाया गया है। तथा चिकित्सा प्रभारी मन्नीराम डुडी को हटाकर रतनगढ़ के मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में उपस्थिति देने के निर्देश दिये है। वही डुडी को रतनगढ लगाने के बाद सीएचसी प्रभारी का कार्यभार डॉ. नितिश इसरान को सौपा गया है। गौरतलब है कि गुरुवार की सुबह डॉ. नितीश अपने कक्ष में रोगियों को देखने का कार्य कर रहे थे तब अचानक प्रभारी चिकित्सक डॉ. डुडी ने ओटी में डॉ. नितिश को बुलाकर रोगी के टांके लगाने की बात को लेकर धक्का मुक्की करते हुये अभद्र व्यवहार किया।

जिसके बाद सीएचसी के सभी कार्मिक एकजुट होकर डुडी की कार्यशैली के विरोध में पुरे दिन बुधवार को धरने पर बैठकर डुडी के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुये प्रदर्शन किया। जिससे चिकित्सा व्यवस्था बुरी तरह लडख़ड़ा गई तथा अस्पताल में आये रोगियों को दर-दर की ठोकरें खाने को मजबुर होना पड़ा।

प्रारूप-10
(नियम 6(7) देखिए)

कार्यालय नगरपालिका भादरा, जिला-हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- नपाभा/भूमि/2023-24/3728-3729 दिनांक 13.09.2023

-: लोक सूचना :-

श्री अइगी राणा पुत्र श्री सुभाष चन्द्र जाति मेघवाल निवासी वार्ड नं. 01 भादरा तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय) उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़	चक/गांव भादरा खास	खसरा संख्या 52 की कुल भूमि 1.0750 है. यानि 10750 वर्ग मीटर है	कुल-115562.5 वर्ग फुट वर्ग मीटर -10750

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के अंदर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आदिनांक .... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका भादरा

परिवर्तन संकल्प यात्रा रथ पहुंचा तारानगर, हुई विशाल जनसभा

तारानगर, (निसं)। भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा रथ गुरूवार को तारानगर पहुंचा एवं क्षेत्र के कृषि मंडी में विशाल जनसभा हुई। सभा को सम्बोधित करते हुए चूरू सासंद राहुल कस्वां ने कहा वर्तमान सरकार में भृष्टाचार चरम सीमा पर है, किसी भी विभाग में जाओ पैसे के बिना कोई काम नहीं होता। सरकारी भूमि पर कब्जे हो रहे है। अवैध पट्टे बनाये जा रहे है।

इस सरकार के कुछ दिन शेष बचे है। आने वाले समय में जनता इसका जवाब जरूर देगी। सभा को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कांग्रेस सरकार में आमजन दुखी है। कोंठोस सरकार झूठ व लूट की सरकार है। कर्जामाफ़ी के नाम पर किसानों के साथ धोखा किया। इस सरकार के गिनती के दिन ही बाकी रहे है। आने वाली भाजपा की सरकार होगी और तारानगर को फिर से स्टार सिटी बनाने का काम करेंगे। राठौड़ ने

मंच पर विराजमान पार्टी के पदाधिकारी।

विधानसभा प्रत्याशी राकेश जांगिड़ पर फोकस करते हुए कहा जांगिड़ पिछले साढ़े चार साल में लगातार हर दुख सुख में लोगों के बीच रहकर सेवा कर रहा है और आने वाले समय में भी राकेश जैसा कोई आएगा और तारानगर फिर से महकने लगेगा। केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा केंद्र सरकार की बदौलत किसानों के बीमा क्लेम आया है।

केंद्र सरकार किसानों की हर सम्भव सहायता के लिए तैयार है। विधानसभा प्रत्याशी राकेश जांगिड़ ने विशाल जनसभा में दूर दराज व आस पास के क्षेत्र से पधारे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापित किया

- **जगह-जगह पुष्प वर्षा से हुआ रथ का भव्य स्वागत**

जगह जगह पुष्प वर्षा से रथ का हुआ भव्य स्वागतः- तारानगर क्षेत्र में पहुँचने पर परिवर्तन संकल्प यात्रा का सैकड़ों जगह भव्य स्वागत हुआ तो वहीं सात्युँ सर्किल पर अलबेला खान के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने यात्रा का पुष्प वर्षा से भव्य स्वागत किया एवं भाजपा जिंदाबाद, राजेंद्र राठौड़ जिंदाबाद के जमकर नारे लगाये।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान नेता प्रतिपक्ष राठौड़ ने कहा यात्रा का जो भव्य स्वागत किया गया वो काबिले तारीफ़ है वो हमेशा मेरे दिल में रहेगा क्योंकि ऐसा अनोखा स्वागत पहले कभी नहीं हुआ, इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि भाजपा के प्रति लोगों में कितना प्यार है। इस मोके पर संभाग प्रभारी सीआर चौधरी, प्रदेश महा मंत्री भजनलाल शर्मा, प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला, जिलाध्यक्ष हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, रतनगढ़ विधायक अभिनेश महर्षि, जिला संगठन प्रभारी राम गोपाल सुथार, जिला यात्रा सयोंजक चंद्राराम गुरी, जोधपुर किसान मोर्चा संभाग प्रभारी महावीर पूनियाँ, रतनसिंह राठौड़, जिप सदस्य तिलोकाराम कस्वां, मंडल अध्यक्ष लीलाधर प्रजापत, प्रोफेसर दलीप पूनियाँ, नगर अध्यक्ष विशाल शर्मा, भंवरलाल पूनियाँ विधानसभा सयोंजक अजीत सिंह राठौड़, जमरदिन तेली, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष अयूब पटवा, मोहम्मद तैयब, हरी इंदौरिया सहित हजारों लोगों का जनसैलाब विशाल जन सभा में उपस्थित हुए।

हिंदी दिवस मनाया

चूरू, (कासं)। स्थानीय राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकालय में गुरुवार को हिंदी दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार नारायण सिंह दिलचस्प थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुस्तकालयध्यक्ष राधेश्याम कस्वां ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नत्थूराम हारित व एडवोकेट प्रमोद कुमार भाटी थे।

इस अवसर पर नारायण सिंह ने कहा कि हिंदी हमारी मातृभाषा है। हम सबको इसकी ओर अग्रसर होकर हिंदी को बढ़ावा देना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पुस्तकालयध्यक्ष राधेश्याम कस्वां ने कहा कि हिंदी आज की आवश्यक भाषाओं में एक है। उन्होंने कहा कि हिन्दी के बिना ज्ञान अधूरा है क्योंकि हिन्दी लेखकों का अभिमान है। इस अवसर पर राकेश कुमार, मोनिका प्रजापत, मनीषा, मुस्कान, पिंकी, रेणुका, दिव्या, कांता, चाहत, यशवंत, मोहित, पवन, जयप्रकाश, सरोज, चंद्रकला सहित पाठक व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित थे। पुस्तकालयध्यक्ष राधेश्याम कस्वां ने आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

प्रारूप-10
(नियम 6(7) देखिए)

कार्यालय नगरपालिका भादरा, जिला-हनुमानगढ़ (राज.)

क्रमांक :- नपाभा/भूमि/2023-24/3680 दिनांक 12.09.2023

-: लोक सूचना :-

श्री श्याम पाठशाला समिति, भादरा जरिये अध्यक्ष श्री रवि शंकर पुत्र श्री धनराज जाति ब्राह्मण निवासी वार्ड नं. 23 भादरा तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (चिकित्सा) उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात :-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं.	क्षेत्र
तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़	चक07 बीएचडी	मुरब्बा नं. 13 के किला नं. 13, 14, 17 व 18 की कुल भूमि 1.012 है. में से किला नं. 13 व 18 की कुल भूमि 0.506 है. यानि 5060.40 वर्गमीटर है।	कुल-54450 वर्ग फुट वर्ग मीटर -5060.40

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू- राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के अंदर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आदिनांक 12.09.2023 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका भादरा